# प्रादेशिक समाचार
## दिनांक– 22.07.2025 (दोपहर–1455 बजे)

***********************

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने स्वास्थ्य कारणों का हवाला देते हुए कल उपराष्ट्रपति पद से इस्तीफा देने वाले जगदीप धनखड़ के अच्छे स्वास्थ्य की कामना की है। एक सोशल मीडिया पोस्ट में श्री मोदी ने कहा कि श्री धनखड़ को भारत के उपराष्ट्रपति सहित विभिन्न पदों पर देश की सेवा करने के कई अवसर मिले।

***********************

झारखंड हाई कोर्ट के नवनियुक्त मुख्य न्यायाधीश जस्टिस तरलोक सिंह चौहान आज परिवार सहित रांची पहुंचे। रांची एयरपोर्ट पर मुख्य सचिव अलका तिवारी और डीआईजी चंदन कुमार सिन्हा समेत अधिकारियों ने उनका स्वागत किया। जस्टिस चौहान हिमाचल प्रदेश हाई कोर्ट में वरिष्ठ जज रहे हैं और हाल ही में झारखंड के मुख्य न्यायाधीश नियुक्त किए गए हैं। राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार कल राजभवन में उन्हें पद और गोपनीयता की शपथ दिलाएंगे।

***********************

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष और नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने दुमका में आयोजित प्रेस वार्ता में विधानसभा के मानसून सत्र की अवधि बढ़ाने की मांग की है। उन्होंने कहा कि 1 से 7 अगस्त तक होने वाला सत्र केवल चार दिनों का ही प्रभावी होगा, जो जनता के मुद्दे उठाने के लिए पर्याप्त नहीं है। श्री मरांडी ने कहा कि भाजपा विधायकों के साथ बैठक कर सत्र के लिए रणनीति तय की जाएगी।

***********************

धनबाद में खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने छापेमारी कर 1000 किलो से अधिक मिलावटी खाद्य सामग्री जब्त की, जिसमें 750 किलो पनीर, 80 किलो खोवा, 25 किलो लड्डू और 25 किलो पेड़ा शामिल है। फूड इंस्पेक्टर राजा कुमार द्वारा की गई जांच में सभी उत्पाद स्टार्च टेस्ट में फेल पाए गए और सैंपल रासायनिक जांच के लिए भेजे गए। उन्होंने बताया कि नकली खाद्य पदार्थों में हानिकारक केमिकल पाए जाने की आशंका है, जो सेहत के लिए गंभीर खतरा बन सकते हैं।

***********************

हजारीबाग के बरही में अंधविश्वास के नाम पर एक विधवा महिला के साथ क्रूरता का मामला सामने आया है। पीड़िता की शिकायत पर सात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है, जिनमें से एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है। बरही एसडीपीओ अजीत कुमार विमल ने बताया कि बाकी आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी जारी है।

***********************

गुमला जिले में टीबी मुक्त भारत अभियान 2025 के तहत चल रहे विशेष जागरूकता एवं स्क्रीनिंग अभियान ने गति पकड़ ली है। और जानकारी दे रहे हैं हमारे संवाददाता –

***********************

सरायकेला–खरसावां जिले के नीमडीह थाना क्षेत्र अंतर्गत एनएच–32 पर एक कार और ट्रक की सीधी भिड़ंत में एक व्यक्ति की मौत हो गई, जबकि तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद पुलिस और ग्रामीणों की मदद से घायलों को चांडिल अस्पताल पहुंचाया गया, जहां से उन्हें एमजीएम अस्पताल जमशेदपुर रेफर किया गया। मृतक का शव पोस्टमार्टम के लिए सरायकेला सदर अस्पताल भेजा गया है।

***********************

मौसम विभाग के पूर्वानुमान अनुसार, अगले तीन घंटों में खूंटी, सिमडेगा और पश्चिमी सिंहभूम के कुछ इलाकों में गर्जन के साथ मध्यम बारिश की संभावना है, साथ ही 30 से 40 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज़ हवाएं चल सकती हैं। पिछले 24 घंटों में राज्य के कुछ हिस्सों में हल्की से मध्यम बारिश हुई और सबसे अधिक वर्षा सिमडेगा में 38 दशमलव 4 मिलीमीटर रिकॉर्ड की गई। मौसम विभाग ने 25 जुलाई तक राज्य के अनेक स्थानों पर भारी वर्षा और वज्रपात की चेतावनी जारी की है और लोगों को सतर्क रहने की सलाह दी गई है।

***********************